रोहतक
रविवार, 14 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी/अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 225
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.8
न्यून. 21.9

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हिंदी दिवस आज






### राष्ट्रपति कार्यालय ने की घोषणा

पीएम कार्की आज मंत्रिमंडल गठित करेंगी, नेपाल की राजनीति में चल रहा अनिश्चितता का दौर खत्म

काठमांडू घाटी समेत कई इलाकों से कर्फ्यू हटा

# नेपाल में संसदीय चुनाव अगले साल 5 मार्च को होगा पूर्व प्रधानमंत्री ओली के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**काठमांडू (एजेंसी/भाषा)।** नेपाल में संसदीय चुनाव अगले साल 5 मार्च को होगा। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के कार्यालय ने शनिवार को यह घोषणा की। देश में एक सप्ताह तक चले हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद यह फैसला लिया। विरोध प्रदर्शनों के कारण के.पी. शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था और सुशीला कार्की देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त की गईं। राष्ट्रपति पौडेल ने पीएम की सिफारिश पर संसद को भंग करते हुए कहा कि अगला संसदीय चुनाव 5 मार्च को होगा। पूर्व प्रधान न्यायाधीश कार्की (73) ने शुक्रवार रात देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। वहीं, पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ शनिवार को राजधानी काठमांडू में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि उन्होंने पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर हमले और ज्यादती का आदेश दिया था।

**कार्की के पास रक्षा, गृह और वित्त समेत दो दर्जन से अधिक मंत्रालय होंगे**

**राष्ट्रपति के फैसले की नेपाल के राजनीतिक दलों ने की आलोचना**



*आरोप, पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर ज्यादती करने का आदेश दिया अभी अज्ञात जगह पर छिपे हुए हैं पीएम पद छोड़ने वाले केपी ओली*

#### घायलों से मिली पीएम सुशीला कार्की

राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा, कार्की रविवार को छोटा मंत्रिमंडल गठित करेंगी। उनके पास गृह, विदेश व रक्षा सहित लगभग दो दर्जन मंत्रालय होंगे। इसके लिए तैयारी चल रही है। कार्की ने शनिवार को काठमांडू के बनेश्वर इलाके में सिविल अस्पताल का दौरा किया, जहां प्रदर्शनों के दौरान घायल हुए दर्जनों लोगों का इलाज चल रहा है। वहीं, नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दलों ने राष्ट्रपति के संसद भंग करने के फैसले की कड़ी आलोचना की है।

#### जनजीवन हो रहा सामान्य

नेपाल में काठमांडू घाटी और अन्य हिस्सों में लगाए गए कर्फ्यू व प्रतिबंधात्मक आदेशों को हटा लिया गया, जिसके बाद दैनिक जीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। नेपाली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि कई दिन तक बंद रहने के बाद दुकानें, किराना स्टोर, सब्जी बाजार और शॉपिंग मॉल फिर से खुल गए तथा सड़कों पर आवाजाही फिर से शुरू हो गई।

### सुशीला कार्की का पीएम बनना महिला सशक्तीकरण का शानदार उदाहरण : मोदी

**इंफाल (भाषा)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की को पदभार संभालने पर बधाई दी और उनकी नियुक्ति को महिला सशक्तीकरण का शानदार उदाहरण' बताया। मणिपुर की राजधानी इंफाल में मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल साझा इतिहास, आस्था व सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े घनिष्ठ मित्र रहे हैं तथा नई दिल्ली वहां सत्ता हस्तांतरण के समय पड़ोसी देश के लोगों के साथ दृढ़ता से खड़ी रही। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से कार्की को बधाई देता हूं।' (पेज 4 भी देखें)



## खबर संक्षेप

### यूजीसी नेट परीक्षा का सर्टिफिकेट जारी

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जून 2025 यूजीसी नेट परीक्षा का सर्टिफिकेट जारी कर दिया है। ऐसे में अब सभी सफल उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। सर्टिफिकेट को डाउनलोड करने के लिए अपना एप्लिकेशन नंबर, जन्म तिथि और सिक्योरिटी पिन डालकर लॉग इन करना होगा। एजेंसी

### रूस में पूर्वी तट के पास 7.4 तीव्रता का भूकंप

**मॉस्को।** रूस के कामचातका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। अमेरिकी भूविज्ञान सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की से 111.7 किमी पूर्व में और जमीन में 39 किमी की गहराई पर था। भाषा



### अयोध्या में 26 लाख जलेंगे दीये, होगी भव्य आतिशबाजी

**लखनऊ।** अयोध्या में 19 अक्टूबर को आयोजित दीपोत्सव-2025 में इस बार अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी का कार्यक्रम भी होगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार दीपोत्सव में सरयू घाटों पर 26 लाख से अधिक मिट्टी के दीप प्रज्वलित होंगे और नदी किनारे विशेष सजावट होगी। इसके साथ ही कोरियोग्राफ्ड ग्रीन एरियल आतिशबाजी कार्यक्रम होगा। एजेंसी

### हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाया...

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में जींद की बीएससी की छात्रा ने की आत्महत्या

**लक्ष्मीबाई हॉस्टल में रहती थी फर्स्ट ईयर की छात्रा शगुन**

**सहेली को चार्जर लाने की बात कही और कमरे में जाकर दे दी जान**

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में लक्ष्मी बाई हॉस्टल में जींद की एक छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार सुबह करीब 11 बजे की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक छात्रा की पहचान 19 वर्षीय शगुन निवासी छातर गांव जिला जींद के रूप में हुई है। शगुन बीएससी की फर्स्ट ईयर की छात्रा थी और यूनिवर्सिटी के लक्ष्मीबाई हॉस्टल नंबर 12 के कमरा नंबर 17 में रहती थी। अभी घटना के पीछे की वजह साफ नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि शगुन 2 दिन से काफी परेशान चल रही थी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

#### पंखे से लटककर दी जान

बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा शगुन ने शनिवार सुबह होस्टल के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना से कुछ समय पहले छात्रा अपनी सहेलियों के साथ हॉस्टल से बाहर आई थी। वह कमरे में चार्जर भूलने की बात कहकर चार्जर लेने चली गई।

#### फिर नहीं लौटी

काफी देर तक नहीं लौटी तो सहेलियों ने कमरे पर जाकर देखा तो वह फंदे पर लटकी हुई थी। पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया। वहीं, थर्ड गेट चौकी इंचार्ज विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस को हॉस्टल में लड़की के सुसाइड की सूचना मिली थी। घटनास्थल की फोरेंसिक जांच करवाई गई है। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। परिजनों के बयान के आधार पर इत्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज की है।

# गणेश विसर्जन जुलूस में ट्रक घुसा, कुचलने से 9 की मौत

**कर्नाटक में हादसा**

- 20 घायल, मरने वालों में ज्यादातर युवा
- ट्रक चालक ने नियंत्रण खोया और पहिए के नीचे कुचले गए युवा
- पीएम ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख मदद का ऐलान किया

**हासन (एजेंसी)।** कर्नाटक के हासन जिले में शुक्रवार रात एक ट्रक ने गणेश विसर्जन जूलूस में शामिल लोगों को कुचल दिया। 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, 20 लोग घायल हैं। घटना लगभग 8.45 बजे मोसाले होसाहल्ली गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर मृतक युवा लड़के हैं। घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। चश्मदीद ने बताया, ट्रक अरकलागुडु की तरफ से आ रहा था। जुलूस के नजदीक पहुंचते ही ट्रक का कंट्रोल खो गया और वह भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया, लोग ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। इधर, पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुःख जताया और मरने वाले सभी मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50,000 रुपये देने की घोषणा की है।

### इंफाल में पीएम बोले पहाड़ों और घाटी के लोगों के बीच विश्वास का मजबूत रिश्ता जरूरी

# मणिपुर पहुंचे मोदी, 8500 करोड़ की दी सौगात, लोगों से शांति की अपील

भाषा ▶▶ इंफाल/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मणिपुर पहुंचे। यहां उन्होंने लोगों को 8500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। मोदी चुराचांदपुर और इंफाल पहुंचे। उन्होंने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ और इंफाल में 1,200 करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोजनाओं की शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस मौके पर राहत शिविरों में रह रहे लोगों से मुलाकात की और शांति की अपील की। उन्होंने कहा कि मणिपुर में पहाड़ों और घाटी के लोगों के बीच 'विश्वास' का मजबूत संबंध बनाया जाना चाहिए। मई 2023 में कुकी और मेइती समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद, राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान इंफाल के कांगला किले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में सुलह और विकास के लिए लगातार काम कर रही है। हमें मिलकर मणिपुर को शांति और विकास के पथ पर आगे ले जाना होगा।' बता दें कि यहां मेइती समुदाय के लोग इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि कुकी समुदाय आस-पास की पहाड़ियों पर रहता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्य में शांति पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता तथा इसे केवल बातचीत और एकता से ही हासिल किया जा सकता है।

- संघर्ष प्रभावित लोगों के लिए 7000 घर बनेंगे
- 3000 करोड़ के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा
- केंद्र ने मणिपुर को लगातार प्राथमिकता दी

*मणिपुर भारत माता के मुकुट को सुशोभित करने वाला रत्न यहां किसी भी प्रकार की हिंसा निदंनीय है, हमें मिलकर इसे शांति और विकास के पथ पर आगे ले जाना होगा, हमारी सरकार जख्मों पर मरहम लगाने और विश्वास बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है, राज्य में शांति पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता, मणिपुर में अपार क्षमताएं।*

**7300** करोड़ रुपये चुराचांदपुर में विकास के लिए दिए

**1200** करोड़ रुपये की इंफाल में परियोजनाएं शुरू होंगी


इंफाल में राहत शिविर में पीड़ितों से मुलाकात करते पीएम मोदी

### मिजोरम में 9,000 करोड़ की परियोजनाएं शुरू

**आइजोल।** पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर को 'वोट बैंक' की राजनीति के कारण पहले भारी नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन केंद्र के प्रयासों से क्षेत्र अब देश के विकास का इंजन बन गया। मिजोरम आए मोदी ने 9,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। मिजोरम की पहली रेल लाइन बैराबी-सायरंग का उद्घाटन किया। 51 किमी लंबी बैराबी-सायरंग रेलवे लाइन के जरिए मिजोरम की दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता से सीधी रेल कनेक्टिविटि हो गई है। (पेज 5 भी देखें)

>> *कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया*

>> *भारी बारिश के बीच सड़क मार्ग से मणिपुर के लोगों के बीच पहुंचे पीएम*

### हिंसा सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही

मोदी ने कहा कि कहा, 'मणिपुर में अपार क्षमताएं हैं, लेकिन हिंसा हमारे सामाजिक ताने-बाने को कमज़ोर करती है। केवल शांति और सद्भाव ही राज्य को भारत के पूर्वी क्षेत्र के मुकुट के मणि के रूप में उसका उचित स्थान दिला सकता है।' केंद्र सरकार ने संघर्ष प्रभावित लोगों के लिए 7,000 नए घरों के निर्माण को मंजूरी दी है, साथ ही लगभग 3,000 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की भी घोषणा की है।

**21वीं सदी पूरब और पूर्वोत्तर की:** उन्होंने कहा कि 21वीं सदी पूरब और पूर्वोत्तर की है, और इसलिए केंद्र ने मणिपुर के विकास को लगातार प्राथमिकता दी है।' मोदी ने याद दिलाया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने मणिपुर को भारत की आज़ादी का प्रवेश द्वार बताया था। 'इस धरती ने पहली बार आज़ाद हिंद फ़ौज को तिरंगा फहराते देखा है और देश को कई शहीद दिए हैं।

#### सामान्य स्थिति बहाल करना सर्वोच्च प्राथमिकता

पीएम ने कहा कि हिंसा प्रभावित लोगों के जीवन में सामान्य स्थिति बहाल करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने 1,200 करोड़ रुपये की 17 विकास परियोजनाओं की शुरूआत भी की। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में मणिपुर के विकास की गति बदल गई है। '2014 से पहले, मणिपुर की विकास दर एक प्रतिशत से भी कम थी। आज, राज्य कहीं ज़्यादा तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा ईसी ने कहा, एसआईआर करवाना विशेष अधिकार, अदालत का निर्देश देना हमारे काम में दखल

***यह काम न किसी और संस्था और न ही अदालत को दिया जा सकता***

# चुनाव आयोग बोला-वोटर लिस्ट बनाना, बदलना सिर्फ हमारा काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*आठ सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बिहार में जारी एसआईआर प्रक्रिया में आधार कार्ड को पहचान प्रमाण के तौर पर अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। चुनाव आयोग को 9 सितंबर तक इस निर्देश को लागू करने का निर्देश दिया था।*

चुनाव आयोग (ईसी) ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा-पूरे देश में समय-समय पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगी तो ये अधिकार में दखल होगा। आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग (ईसी) का अधिकार है। यह काम न किसी और संस्था और न ही अदालत को दिया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करते हैं। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था।

**हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं वोटर लिस्ट को पारदर्शी रख रहे**




**आयोग ने हलफनामे में संविधान के अनुच्छेद 324 का हवाला दिया**

#### याचिका में यह मांग

याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को चुनावों से पहले एसआईआर कराने का निर्देश दिया जाए, ताकि देश की राजनीति और नीति केवल भारतीय नागरिक ही तय करें। ईसी ने 5 जुलाई 2025 को बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) को पत्र भेजकर 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर एसआईआर की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था।

#### वोटर लिस्ट में बदलाव की समय सीमा नहीं

धारा 21 के मुताबिक, वोटर लिस्ट में बदलाव कोई तय समय सीमा नहीं है, बल्कि ये सामान्य जिम्मेदारी है, जिसे हर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव या किसी सीट के खाली होने पर होने वाले उपचुनाव से पहले पूरा करना जरूरी है। नियम 25 से साफ है कि मतदाता सूची में थोड़ा-बहुत या बड़े स्तर पर बदलाव करना है या नहीं, यह चुनाव आयोग पर निर्भर करता है। मतदाता सूची को सही और भरोसेमंद रखना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत 24 जून 2025 के एसआईआर आदेश के मुताबिक अलग-अलग राज्यों में एसआईआर कराने का फैसला किया है।

### अमेरिका में भीषण हादसा...

# पानीपत का युवक जिंदा जला पांच दिन में घर पहुंचेगा शव

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** पानीपत के रहने वाले एक युवक (ट्रक ड्राइवर) की अमेरिका में जिंदा जलकर मौत हो गई। अर्कान्सास के आई-40 हाईवे पर एक लोडेड ट्रक ने उसके ट्रक को साइड से टक्कर मार दी, जिससे उसका ट्रक संतुलन बिगड़ने के बाद पेड़ों से जा टकराया और ब्लास्ट के बाद उसमें आग लग गई। मृतक की पहचान अमित कुमार (24) के रूप में हुई है। उनका परिवार पिछले 20 सालों से करनाल में रह रहा है। अमित के परिजनों को डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही शव सौंपा जाएगा। परिजनों का कहना है कि लगभग 5 दिन में अमित का शव गांव पहुंचेगा। अमेरिकी समयानुसार, यह हादसा 11 सितंबर की सुबह करीब 9:30 बजे हुआ। हादसे के समय अमित ट्रक खाली करके लौट रहा था।


दूसरे ट्रक ने अमित के ट्रक को टक्कर मारी, ब्लास्ट हुआ

### विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप...

# रोहतक की बॉक्सर मीनाक्षी हुड्डा फाइनल में, पदक पक्का

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** रोहतक की बेटी और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की होनहार बॉक्सर मीनाक्षी हुड्डा ने वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। हुड्डा ने 48 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में मंगोलिया की बॉक्सर लुत्सैखानी अल्टांटसेत्सेग को 5-0 से पराजित किया। इस जीत के साथ 24 साल की मीनाक्षी ने राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लंबोरिया (57 किग्रा) और हैवीवेट मुक्केबाज (80 किग्रा से अधिक) नूपुर श्योराण के साथ फाइनल में जगह बनाई। जैस्मीन और नूपुर ने अपनी-अपनी श्रेणियों में शानदार जीत दर्ज कर शुक्रवार रात को फाइनल का टिकट कटाया था। पदक पक्का करने वालों में पूजा रानी भी शामिल हैं। (खेल पेज भी देखें)


मंगोलिया की बॉक्सर को 5-0 से हराया

## खबर संक्षेप

### यूएस में बैठा दोस्त बनकर 12.25 लाख रुपये हड़पे

**कैथल।** खुद को अमेरिका में बैठा दोस्त बताकर साइबर ठग ने कैथल के एक युवक से 12 लाख 25 हजार रुपए हड़प लिए। जब अलग-अलग बहाने बनाकर युवक से और रुपए की मांग की गई तो उसने दोस्त को कॉल किया। कॉल के बाद धोखाधड़ी के बारे में पता चला। इस संबंध में युवक ने साइबर थाना में शिकायत देकर केस दर्ज करवाया है।

### ट्रक की टक्कर से डिलिवरी बॉय की मौत

**गुरुग्राम।** बादशाहपुर थाना क्षेत्र में सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) पर शुक्रवार की रात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक युवक जोमैटो में डिलिवरी बॉय का काम करता था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी पहुंचाया। चालक अपने ट्रक को घटनास्थल पर ही छोड़कर मौके से भाग गया।

### नशीली गोलियां उपलब्ध कराने वाला पकड़ा

**गुरुग्राम।** सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने प्रतिबंधित नशीली गोलियां उपलब्ध कराने वाला एक आरोपी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दिल्ली के भाई परमानंद कॉलोनी मुखर्जी नगर निवासी बलजीत उर्फ अमन के रूप में हुई है।

### डेयरी संचालक से 7.15 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में आर्मी अधिकारी बनकर डेरी संचालक से 7.15 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पथरेड़ी गांव निवासी पृथ्वी सिंह ने बताया कि वह हरियाणा डेयरी के नाम से मानेसर में दूध सप्लाई का काम करता है। उसके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने अपना नाम सतीश कुमार बताते हुए खुद को आर्मी में अधिकारी बताया।

**एक्सीडेंट : सिरसा में शनिवार सुबह हादसा, हनुमानगढ़ रोड पर आधे घंटे तक लगा रहा जाम**

# रोडवेज बस व ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर दो महिलाओं की मौत, आठ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला के ऐलनाबाद कस्बे में शनिवार को हरियाणा रोडवेज व ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि सात-आठ लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भेज दिया गया है। हादसे के बाद बस व ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला और सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बाद में सड़क पर पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली को क्रेन की मदद से साइड में किया।



सिरसा। हादसे के बाद मौके पर जमा हुई भीड़। फोटो : हरिभूमि

### घायलों को ऐलनाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया

हरियाणा रोडवेज की बस शनिवार सुबह राजस्थान की तरफ जा रही थी। इसी दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली चालक रोड क्रास करने लगा तो रोडवेज बस पीछे से ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि ट्रैक्टर ट्राली सडक पर पलट गई। ट्रैक्टर ट्राली में सवार लोग सीमावर्ती राजस्थान के गांव रामपुरिया में नरमा की चुगाई करने जा रहे थे, जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि सात-आठ लोग घायल हो गए। घायलों में 7 महिलाएं व एक पुरुष शामिल है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल लोगों को संभाला। हादसे की वजह से हनुमानगढ़ रोड पर आधा घंटा तक जाम लगा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी को उपचार के लिए ऐलनाबाद के अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मरने वाली महिलाओं में कृष्णा देवी व बिमला शामिल हैं।

### एक्सीडेंट की जांच को कमेटी का गठन किया जाएगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने आज कहा कि हरियाणा रोडवेज की बसों के



एक्सीडेंट होने के मामलों की जांच के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा और इस कमेटी में तकनीकी अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस के जांच अधिकारी को भी शामिल किया जाएगा। विज ने सिरसा में हरियाणा रोडवेज की बस से ट्रैक्टर-ट्राली के टकराने के कारण दो औरतों की मृत्यु होने पर कडा संज्ञान लेते हुए परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को जांच करने के आदेश दिए। रोडवेज बसों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में जांच करने की भविष्य में प्रैक्टिस सेट कर दी जाए, ताकि जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में जब भी इस प्रकार की दुर्घटनाएं हरियाणा रोडवेज की बस के साथ होगी तो उसकी जांच जरूर की जाएगी। इन दुर्घटनाओं के बारे में एक कमेटी का गठन किया जाएगा। जिनमें तकनीकी अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस के जांच अधिकारी भी शामिल किए जाएगें ताकि यह पता चल सकें कि सड़क दुर्घटनाओं में गलत कौन था।

**भूना: फुटबॉल अकादमी में ले रहा प्रशिक्षण**

# नाबालिग खिलाड़ी से कुकर्म का आरोप, डीपीई गिरफ्तार

**कोच फरार, पोक्सो समेत कई धाराएं लगीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

फुटबॉल अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे 11 वर्षीय नाबालिग खिलाड़ी के साथ कुकर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए डीपीई राजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि कोच जसमेर श्योराण फरार है। दोनों पर पोक्सो एक्ट सहित बीएनएस की गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि पीड़ित के पिता की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका बेटा पिछले छह महीनों से भूना की एक फुटबॉल अकादमी में प्रशिक्षण ले रहा था, जहां डीपीई राजेश कुमार ने उसके साथ कई बार कुकर्म किया। जब बच्चे ने इस बारे में किसी को बताने की कोशिश की, तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। परिजनों के अनुसार, कोच जसमेर और डीपीई मिलकर बच्चे को डराते-धमकाते रहे कि वह किसी को कुछ न बताए। इस पूरे घटनाक्रम से परिवार आहत है।


भूना। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया हुआ डीपीई राजेश कुमार।

### पहले से ही दोनों पर चल रही है विभागीय जांच

डीपीई और कोच के खिलाफ पहले भी खिलाड़ियों की उम्र कम दिखाकर उन्हें खेलने भेजने को लेकर विभागीय जांच चल रही है। हालांकि, उस मामले में कोई ठोस सबूत नहीं मिले थे। अब नाबालिग के गंभीर आरोपों ने खेल जगत और स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है। डीपीई पक्ष द्वारा पुलिस पर हर एंगल से जांच नहीं करने की बजाए डीपीई को आनन-फानन और दवाब में गिरफ्तार करने का आरोप लगाए जा रहे है।

**मंत्री के खिलाफ तथ्यहीन खबर चलाने का मामला**

## कई यूट्यूब चैनलों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के कांग्रेस में शामिल होने की तथ्यहीन खबरें चलाने और डिबेट करने के मामले में थाना रामपुरा पुलिस ने कई यूट्यूब चैनलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी को दर्ज शिकायत में राव के सहायक निजी सचिव नरेश कुमार ने आरोप लगाया कि हरियाणा रथ, हिंदुस्तान नाउ व कुछ अन्य यूट्यूब चैनलों पर केंद्रीय मंत्री के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चाओं को लेकर तथ्यहीन व बेबुनियाद खबरें चलाई हैं। इस मामले को लेकर चैनलों पर डिबेट भी चलाई गई है। इसके लिए केंद्रीय मंत्री या उनके कार्यालय से कोई संपर्क नहीं किया गया। नरेश ने आरोप लगाया कि तथ्यहीन खबरें प्रसारित होने से केंद्रीय मंत्री की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। एसपी ने इस मामले में रामपुरा पुलिस थाना को केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। थाना रामपुरा पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

**दो मई 2023 को केस दर्ज किया गया था**

## हत्या प्रयास और लूट करने पर तीन को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एडीजे नंदिता कौशिक ने हत्या के प्रयास और लूट के एक मामले में



तीन युवकों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत में दो युवकों पर 3,70,000 रुपए और एक पर 3,20,000 रुपए जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि पीड़ित युवक को देने के आदेश भी अदालत ने किए हैं। जुर्माना न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस बारे में पीड़ित युवक के पिता राजकुमार ने थाना राजौंद में केस दर्ज करवाया था। कुलदीप गर्ग ने बताया कि शिकायतकर्ता राजकुमार निवासी राजौंद की दादा खेड़ा वाली गली में ज्वैलर्स की दुकान है। दो मई 2023 को करीब 5:30 बजे चार युवक बाइक पर मुंह पर कपड़ा बांधे दुकान के अन्दर आए दो युवकों ने अपने हाथों में पिस्तौल लिए हुए थे शोर मचाने पर एक युवक ने राज कुमारपर फायर किया जो उसके गाल के नीचे लगा। सोना व चांदी के जेवर निकाल ले गए।

**रेवाड़ी : पुलिस लॉकअप में सुसाइड प्रकरण में बड़ी कार्रवाई**

## थाने का मुंशी सस्पेंड, एसपीओ और होमगार्ड जवान बर्खास्त

**सब इंस्पेक्टर के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

6 सितंबर की रात मॉडल टाउन थाने के लॉकअप में बंद हत्या के एक आरोपी के सुसाइड मामले में एसपी ने मुंशी सिपाही को सस्पेंड, एसपीओ व होमगार्ड के जवान को बर्खास्त करने के आदेश जारी किए हैं। जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने करनावास के पास हुई हत्या के मामले में यूपी के सुल्तानपुर निवासी विनोद और सन्नी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लिया गया था। दोनों आरोपियों को 6 सितंबर की रात मॉडल टाउन थाने के लॉकअप में बंद किया गया था। रात को विनोद ने कंबल की कतरन फाड़कर उससे रस्सी बनाई। लॉकअप के गेट की ग्रिल से फंदा लगाकर जान दे दी। एसपी ने घटना के बाद मामले की जांच राष्टीय मानवाधिकार आयोग की गाइडलाइन्स के अनुसार कराने का निर्णय लिया था। जांच के बाद एसपी ने घटना के समय थाने में तैनात मुंशी सिपाही वेद प्रकाश को सस्पेंड कर दिया।

### सीसीटीवी फुटेज ने बड़ी मुसीबत से बचाए

लॉक में सुसाइड का मामला पुलिस थाने के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया था। फुटेज में विनोद के फांसी लगाने का पूरा प्रकरण सामने आ गया। अगर घटना कैमरे में कैद नहीं होती, तो इससे पुलिस को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ सकता था। फुटेज नहीं मिलने की सूरत में परिजन हत्या के बाद फांसी पर लटकाने तक के आरोप लगा सकते थे, जिससे पुलिस की परेशानी बढ़ सकती थी।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF
YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
GOVERNMENT OF INDIA

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ युवा कर रहे हैं विकसित भारत का नेतृत्व

- **प्रधानमंत्री मोदी जी** को युवा प्रतिभागी विकसित भारत के लिए अपने विजन प्रस्तुत करेंगे।
- **योग्यता आधारित, बहु-स्तरीय प्रक्रिया** के माध्यम से **देशभर से भागीदारों का चयन** किया जाएगा।
- आकांक्षी युवा **विकसित भारत** की इस यात्रा से जुड़ने के लिए क्विज़ में भाग लें।

पंजीकरण की अंतिम तिथि
15 अक्टूबर, 2025

आज ही mybharat.gov.in पर लॉग इन करें।
www.mygov.in के माध्यम से भी क्विज़ में हिस्सा ले सकते हैं।

**क्विज़** में भाग लेकर **विकसित भारत** के यंग लीडर बनने की दिशा में पहला कदम बढ़ाएँ।

CBC 47107/13/0011/2526

VBYLD
VIKSIT BHARAT
YOUNG LEADERS
DIALOGUE 2026
10TH-12TH JANUARY I BHARAT MANDAPAM, NEW DELHI



